**आकाशवाणी शिमला**
**04.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / प्रभा शर्मा / 19.45बजे**

**मुख्य समाचार**

- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा– भाजपा विकास करने वाली पार्टी–कांग्रेस को बताया आपदा की सरकार।**
- **केंद्रीय मंत्री ने बिलासपुर एम्स में रीनल ट्रांसप्लांट सेवा शुरू होने को बताया उल्लेखनीय उपलब्धि।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में शौचालय कर लगाए जाने के दावों को किया खारिज–भाजपा द्वारा इस मुददे को राजनीतिक रंग देने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।**
- **केंद्र ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सी.आर.आई.एफ के तहत हिमाचल को 2 सौ 93 करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी।**

**नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन बिलासपुर पहुंचे, जहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है और देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की और भारतीय जनता पार्टी ही अपनी उपलब्धियों को गिनने की ताकत रखने वाली पार्टी है। नड्डा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस आपदा की सरकार है और उनके 25 प्रतिशत साथी भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को एक हजार एक सौ 90 करोड़ चार किश्तों में आपदा के लिए दिए और तीन सौ 78 करोड़ की राशि इस वर्ष प्रदान की है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अगर केंद्र सरकार प्रदेश की मदद न करें तो राज्य सरकार एक दिन भी नहीं चलेगी। जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर जातिवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और ड्रग माफिया को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले तीन साल में देश तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भी जनसभा को संबोधित किया।

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर स्थित एम्स का दौरा किया और वहां मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने एम्स में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि एम्स ने अत्याधुनिक रीनल ट्रांसप्लांट और आईसीयू सुविधा के संचालन के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। नड्डा ने कहा कि एम्स में रीनल ट्रांसप्लांट सेवा शुरू होना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह हिमाचल में ट्रांसप्लांट सेवाओं की उपलब्धता में लंबे समय से चली आ

रही कमी को पूरा करेगा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और सांसद अनुराग ठाकुर भी केंद्रीय मंत्री के साथ मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में 'शौचालय कर' लगाए जाने के दावों को खारिज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस तरह की बेतुकी बयान–बाजी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के मुद्दों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पानी पर सब्सिडी का युक्तिकरण करते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति कनेक्शन सौ रुपये बिल का भुगतान तय किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों को प्रदेश के हित में पानी के बिल की अदायगी करने में कोई परेशानी नहीं है।

**अल्पसंख्यक आयोग**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सैय्यद शहेजादी ने आज शिमला में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य अल्पसंख्यकों का समग्र कल्याण करना सुनिश्चित है। सैय्यद शहेजादी का कहना है कि समाज के सभी वर्गों में आपसी सदभाव से विकास को भी बल मिलता है। उन्होंने समावेशी विकास के लिए योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

**विक्रमादित्य**

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा कोष के तहत हिमाचल को 2 सौ 93 करोड 36 लाख रुपये की सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप केंद्र से प्रदेश को ये धनराशि मिली है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं में राज्य के विभिन्न हिस्सों में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से पांच सड़क और पुल कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये धनराशि  शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में प्रमुख परियोजनाओं के लिए स्वीकृत हुई है।

लोक निर्माण मंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल सड़कों की स्थिति में सुधार होगा बल्कि प्रदेश के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। विक्रमादित्य सिंह ने ये धनराशि स्वीकृत करने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है।

**धनीराम शांडिल**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि युवाओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में

राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोल रही है, जिसमें युवाओं को विश्व स्तर की शिक्षा मिलेगी। धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की शमरोड़ पंचायत में अम्बड़ से बांदली मार्ग और राजकीय उच्च विद्यालय धर्जा के दो कमरों का लोकार्पण किया।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में कल्पा की खण्ड स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। राजस्व मंत्री ने शौंगठग–करच्छम जल विघुत परियोजना के पास हो रही अवैध डंपिंग, सतलुज नदी का तटीकरण और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सहित अन्य मुददों पर अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यो को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में विकास को गति मिल सके। जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को अवैध डपिंग रोकने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय लोगों के बगीचों व पेयजल स्त्रोतों को नुकसान न पहुंचे। राजस्व मंत्री ने बाद में खण्ड स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की।

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज सिरमौर जिले की राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पावंटा साहिब में चार दिवसीय अंडर–19 राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि खेल जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और खेलों से बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ व्यक्तित्व का भी विकास होता है।

## अनिरूद्ध–विकमादित्य

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के समीप टुटू विकास खंड की ग्राम पंचायत बढ़ई में पंचायत भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अनिरूद्ध सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायत भवन के निर्माण पर अब एक करोड़ 14 लाख रूपए तक की राशि खर्च की जा रही है।

उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में मौजूदा समय में छः पंचायत घरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और टुटू विकास खंड कार्यालय का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस मौके पर लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बनूटी में 64 करोड़ रूपए से वैलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा जिसकी स्वीकृति मिल गई है। इस बीच लोक निर्माण मंत्री ने आज शिमला में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारियों और परियोजना निदेशकों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को मॉनसून सीजन में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों व पुलों की मुरम्मत और रख रखाव के निर्देश दिए ताकि निर्बाध कनैक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। लोक निर्माण मंत्री ने अटल सुपर स्पैशलिटी चिकित्सा संस्थान चमियाणा के लिए भट्टाकुफर से सड़क संपर्क के कार्य की भी समीक्षा की।